हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### आरक्षक भर्ती मामले में पुलिस की एक और कार्रवाई

# तीन पुलिस कर्मी और एक महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। सात लोगों की गिरफ्तारी के बाद भी जारी जांच में चार अन्य लोगों की संलिप्तता पाए जाने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें तीन पुलिसकर्मी एवं एक महिला अभ्यर्थी शामिल है। वहीं यह भी साफ कर दिया गया है कि आगे भी जांच में जिन लोगों की संलिप्तता इस मामले में पाई जाएगी, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक भर्ती संवर्ग में मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने के मामले में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग मैसेज एवं गवाहों के बयान के अलावा अन्य साक्ष्य सबूत जमा किया गया। इसके साथ ही भर्ती के दौरान की डिजिटल साक्ष्य और संदेहियों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर चार लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार होने वालों में आरक्षक विकास सिंह राजपूत पिता शत्रुघन 27 वर्ष निवासी हथनीकला थाना मुंगेली जिला मुंगेली, आरक्षक कार्तिक देशलहरे पिता स्व. नकुल 43 वर्ष निवासी पांडुका थाना खैरागढ़ जिला केसीजी, आरक्षक सुंदरलाल नेताम पिता कुंवर सिंह 46 वर्ष निवासी जामसरार चौकी तुमड़ीबोड़ थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के साथ ही महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी निवासी कबीरधाम जिला शामिल है।

## अब तक 11 को किया गया गिरफ्तार



**इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस भी जब्तः** इस मामले में पुलिस विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को भी जब्त किया है। बताया गया कि जांच में अभी और भी संहेदी लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी कर ली गई है, उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है।

### दो अभ्यर्थी भी गिरफ्तार

ज्ञात हो कि भर्ती मामले में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों के अलावा अंक बढ़वाने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ भी एक्शन शुरू कर दिया गया है। इस मामले में अनुचित तरीके से इवेंट में नंबर बढ़ाने बोलने वाली महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी पिता रमेश चंद्रवंशी 23 वर्ष निवासी जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है।

### लगातार हो रही कार्रवाई

इस मामले में पुलिस महकमे ने अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर ली है। इस मामले में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी दुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश धुर्वे और परिधी निषाद के खिलाफ एक्शन लेने के बाद अब मंगलवार को अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार और संदेही से पूछताछ की जा रही है, जिनको भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

### एसआईटी करेगी जांच

उल्लेखनीय है कि इस मामले में संदेही रहे आरक्षक द्वारा आत्महत्या मामले में एसआईटी जांच करने वाली है। इसके अलावा विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से यह कहा था कि आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले में एसआईटी के जरिये जांच कराई जाएगी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी साफतौर पर कहा है कि गड़बड़ी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

# विरोध के बाद भी खुली दुकान सड़क पर उतरकर चक्काजाम

### बौद्ध समाज के लोगों ने किया शराब दुकान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक के समीप शराब दुकान खोले जाने को लेकर बौद्ध अनुयायियों ने कड़ा विरोध जताते शराब दुकान के बाहर प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया। बौद्ध समाज द्वारा यहां शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद यहां शराब दुकान खोलने से समाज के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है।

शराब दुकान के खिलाफ प्रदर्शन करते बौद्ध समाज के लोगों ने कहा कि यह चौक बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर है। वहीं चौक पर संविधान की पुस्तिका प्रतिमा भी लगाई गई है। ऐसे में इस चौक से समाज के लोगों की आस्था जुड़ी है। इस चौक पर शराब दुकान खोले जाने से समाज में गहरा आक्रोश है।

बौद्ध समाज के लोगों ने यहां खुली शराब दुकान का विरोध करते अंबेडकर चौक से रैली निकाली और चौक के समीप ही खुली शराब दुकान के सामने पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार और शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी की।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

बौद्ध समाज के लोगों ने चक्काजाम और प्रदर्शन करते यहां से इस शराब दुकान को हटाने की मांग की है और शराब दुकान नहीं हटाए जाने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने को लेकर चेतावनी दी है। इस आंदोलन के दौरान बौद्ध समाज के पदाधिकारी और महिलाएं भी उपस्थित थी।

### दवा दुकान की बाजू खुली शराब दुकान, हो रहा विरोध

अंबेडकर चौक के मेडिकल दुकान की बगल से ही प्रीमियम शराब काउंटर खोला गया है, जहां 170 प्रकार की ब्रांडेड और महंगी शराब का विक्रय किया जाएगा। लगभग चार दिन पहले खुली इस शराब दुकान में 840 रुपए से लेकर 6200 रुपए कीमत की शराब उपलब्ध है। वहीं इससे महंगी शराब भी यहां उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन इस प्रीमियम शराब काउंटर पर लगभग सवा लाख रुपए की शराब बिक्री हो रही है।

### आवागमन हुआ बाधित

बौद्ध समाज के लोगों द्वारा अंबेडकर चौक पर शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर पहले भी ज्ञापन के माध्यम से आंदोलन किया गया था। इसके बावजूद यहां शराब दुकान खोले जाने से समाज के लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्ग के एक हिस्से से आवागमन बाधित हो गया। मौके पर कोतवाली टीआई के पहुंचने के बाद उनकी समझाइश पर समाज के लोगों ने सड़क से हटकर अंबेडकर चौक में पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चक्काजाम के चलते लगभग 20 मिनट तक आवागमन बाधित रहा।

# न्यू ईयर के पहले अशांति फैला रहे बदमाशों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष को देखते हुए पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत 10 दिनों में 12 प्रकरण में 14 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी को निर्देश दिया गया कि थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर को देखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर संदिग्धों, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों तथा हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरणों में 5 आरोपियों को, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में 4 आरोपियों को, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 5 प्रकरणों में 5 आरोपियों कुल 12 प्रकरणों में 14 आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135 (3) एवं 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय बना रहेगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### पलांदुर मड़ई 2 को

**मुसरा।** ग्राम पंचायत पलांदूर में आगामी 2 जनवरी को मंड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए 3 जनवरी को बरारमुंडी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी संतुराम वर्मा ने दी।

### हालेकोसा में शिव पुराण कथा 4 से



**डोंगरगढ़।** हालेकोसा में आगामी 4 जनवरी से होने वाली शिव महापुराण कथा स्थल का गत दिनों भूमिपूजन किया गया। विकासखंड छुरिया के ग्राम हालेकोसा में 4 से 10 जनवरी तक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव पुराण कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन कार्यक्रम के आयोजक दिनेश साहु, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, सुभाष यादव एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया।

### 727 शिक्षक हुए पदोन्नत



**एलबी नगर।** छग टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मांग पर शिक्षा विभाग ने एलबी संवर्ग के पात्रता रखने वाले ई संवर्ग के 378 और टी संवर्ग के 50, ई संवर्ग के 254 और शिक्षक टी संवर्ग के 45 शिक्षको की पदोन्नति सूची जारी दिया है। उल्लेखनीय है कि इस मांग को लेकर पदाधिकारियों ने अगस्त में सयुंक्त संचालक दुर्ग से मुलाकात कर चर्चा किया था। संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने सहमति देते हुए पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए जिलों से प्राप्त सूचियों का परीक्षण कर 30 दिसंबर को पदोन्नति आदेश जारी कर दिया है। पदोन्नत शिक्षकों को जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, हंस मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, राजेश साहू, संदीप साहू, रतिराम कन्नौजे आदि ने बधाई देते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### भाई के बाद बहन भी बनी सीए



**गंडई पंडरिया।** नगर की प्रतिभावान बेटी डाली थधानी ने सीए परीक्षा में कामयाबी हासिल किया है। डाली ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फाइनल एग्जाम में सफलता प्राप्त किया है। उसके बड़े भाई अनमोल ने लगभग 6 महीने पहले सीए परीक्षा में सफलता हासिल किया था। एक परिवार के दो सदस्यों का सीए बनना सभी के लिए गर्व की बात है। डाली ने अपनी सफलता का श्रेय सतत प्रयास, मेहनत और एकाग्रता को दिया है। उन्होंने कक्षा 12वीं की पढ़ाई अभ्युदय पब्लिक स्कूल कवर्धा से गणित विषय लेकर किया था। फिर वह रायपुर में सीए परीक्षा की तैयारी में जुट गई थी।

### नए सीएमओ ने संभाला पदभार



**गंडई पंडरिया।** कुम्हारी नगर पालिका में राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ रहे अविनाश देवांगन को गंडई नगर पंचायत में सीएमओ बनाया गया है। उन्होंने गत 29 दिसम्बर को पदभार ग्रहण कर लिया है। वह प्रमोशन के बाद सीएमओ बने हैं।जानकारी के अनुसार महज 4 माह पहले हेमंत वर्मा ने सीएमओ का पदभार संभाला था। ट्रांसफर के बाद कल 31 दिसम्बर को उन्हे कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया जाएगा।

### देर रात एसडीएम ने मारा छापा

# सरपंच के घर से 360 कट्टा धान और 12 कट्टा चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

इन दिनों धान खरीदी जोरों से जारी है इसी बीच किसानों के नाम पर दूसरे राज्यों से लाए गए धान को खपाने की कोशिशें भी जारी है। धान खपाने की लगातार शिकायत के बाद प्रशासन ऐसे मामलों पर सख्ती दिखा रहा है। बीती रात एसडीएम मनोज मरकाम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार यह मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नागतराई का है। सरपंच क्षत्रीबाई वर्मा के घर और गोदाम से 360 कट्टा धान बरामद किया गया है। जांच के दौरान सरपंच ने स्वीकार किया कि यह धान ग्राम ढारा से खरीदा गया था और मंडी में बेचने की तैयारी थी। इसके अलावा गोदाम से सरकारी पीडीएस का 12 कट्टा चावल भी बरामद हुआ। मामले की जांच खाद्य निरीक्षक कर रहे हैं।



#### होगी सख्त कार्रवाई: एसडीएम

एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि उन्हें सरपंच के घर में अवैध धान होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद आधी रात को छापेमारी कार्रवाई की गई, जिसमें धान और चावल बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि अवैध धान रखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण के अनुसार सरपंच क्षत्री बाई वर्मा हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थी। प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए यह संकेत दिया है कि अवैध धान कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# उमरवाही में खुलेगी पुलिस चौकी

## गृहमंत्री ने दी स्वीकृति, ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी



क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा नेता कैलाश शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीनदयाल साहू के नेतृत्व में उमरवाही के पूर्व सरपंच निजामुद्दीन, देवारू मालेकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात किया। ग्रामीणों ने उमरवाही में पुलिस चौकी खोलने की मांग को प्रमुखता से रखा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस चौकी खोलने की मांग को स्वीकार कर लिया है जिसे लेकर ग्रामीणों में हर्ष कि लहर है। उमरवाही में नवीन पुलिस चौकी की स्वीकृत मिलने पर हिरेंद्र साहू, बोधन साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, हिरदेश देवांगन, सुंदर साहू, गोपाल साहू, अनंत तिवारी, मुकेश साहू, चंदू पटेल, किसुन साहू, भूपेन्द्र नायक, गोपाल भुआर्य, हरिलाल चंद्रवंशी, हिरदे चंद्रवंशी, सुमीत मंडावी, सरपंच नरगोतिन भुआर्य, रोहित नेताम, गोपी आंधियां, सुखराम, शत्रु भुआर्य, रूपेश साहू, चंद्रकला चौरे, सुरेश मेश्राम, राधे जोशी सहित अन्य ने खुशी जताया है।

### मानस महोत्सव 31 को

**मड़ियान।** ग्राम मड़ियान में एक दिवसीय श्री राम चरित्र मानस महोत्सव, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन कल 31 दिसंबर को किया गया है। सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 7000, 5000, 3000, 1500, युगल डांस में 2000, 1500, 1000, 700, एकल डांस में 1500, 1000, 700, 500 रूपए दिया जाएगा।

# पालिका में कर्मियों का संकट शहर के निर्माण कार्य बाधित

- पालिका की सभी व्यवस्थाएं चरमराई
- लोगों में बढ़ रही नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका इन दिनों अनियमितता के लिए सुर्खियों में है। सीएमओ एवं कुछ कर्मचारियों के निलंबन और कुछ के प्रमोशन बाद स्थानांतरण होने से पालिका का काम अवरूद्ध हो गया है। नगर पालिका इन दिनों महज मुख्य कार्यपालन अधिकारी के भरोसे चल रही है। पालिका कार्यलय निर्धारित समय पर खुलता और बंद जरूर होता है किन्तु शहर में कोई भी काम नहीं हो रहा है। अमले की कमी से करोडों के कार्य रूके हुए है। वार्डों में मूलभुत सुविधा ठप हो गई है।

#### कागज में अटैचमेंट

जानकारी के अनुसार पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक एवं लेखापाल दीपा भिवगडे के निलंबन बाद खैरागढ़ के सब इंजीनियर सहबाज खान को यहां अटेच किया गया है। उन्होंने 15 दिन पूर्व चार्ज लिया था उसके बाद वह झांकने तक नहीं आए है। लेखापाल का पद अब तक खाली है। राजस्व उप निरीक्षक श्रवण गबने का प्रमोशन नगर पंचायत कुसमी में सीएमओ के पद पर हो गया है। इसी प्रकार जगीनराम चंद्रवंशी भी प्रमोशन के साथ राजनांदगांव चले गए है। पहले ही कार्यालयीन काम प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से हो रहा था किन्तु वर्तमान में कार्यालय में ताला लगने की नौबत दिखाई दे रही है।

### तेलिनबांधा में मंडई मेला 1 जनवरी को

**टाटेकसा।** छुरिया ब्लॉक के ग्राम तेलिनबांधा में आगामी 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में चंपा बसन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी आटरा भकुर्रा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी शत्रुहन यादव ने दी। इसी प्रकार टाटेकसा में आगामी 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच जीराटोला वालों का कार्यक्रम होगा। ग्राम पटेल नारायण साहू ने अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

# धड़ल्ले से हो रही सरकारी जमीन की खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जमीन दलाल अवैध तरीके से प्लाटिंग कर जमीन बेच रहे है। अछोली, बगदईपारा समेत कई इलाके में अवैध प्लाटिंग कर जमीन बेचा जा रहा है। क्षेत्र में सक्रिय दलाल जमीन लेने के बाद अधिकारियों से मिलीभगत कर उसे तीन-चार टुकड़े में बेचना शुरू कर देते हैं।

जानकारी के अनुसार दलाल पहले तो खरीददार को सड़क, नाली, गार्डन समेत अन्य सुविधाओं का वादा फंसाते है और फिर जमीन बिकने के बाद मूलभूत सुविधा के लिए आरक्षित जमीन को भी बेच दिया जाता है। शिकायत होने पर जमीन के अधिकारी खानापूर्ति करते हुए किसी टुकडे पर प्रतिबंध लगा देते है जबकि अन्य जमीन बिकते जाती है। इस मामले में एसडीएम का कहना है कि अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर कार्रवाई किया जा रहा है। एसडीएम मनोज मरकाम ने कहा कि अवैध प्लाटिंग संबंधित सभी शिकायतों पर कार्रवाई की गई है और प्रतिबंध भी लगाया गया है।

#### दलालों ने ऐसा दिया धोखा

हाल ही में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक शख्स न रजिस्ट्री कर सरकारी जमीन ही बेच दिया। इस जमीन की रजिस्ट्री और प्रमाणीकरण भी हो गया है। पीड़ति ने बताया कि 10 साल पहले उसने जमीन खरीदा था। रजिस्ट्री के बाद जब वह नक्शा दुरुस्त कराने पटवारी के पास गया तो उसने बताया कि उसे बेची गई जमीन सरकारी है। पीड़ति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की लेकिन अब तक न समाधान हुआ और न दोषियों पर कार्रवाई हुई है।

# उल्लास से मनी बाबा की जयंती

## सीसी रोड के लिए दो लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



बेलगांव में सोमवार को गुरू घासीदास जयंती समारोह एवं मंड़ई का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। इस मौके पर सतनामी समाज ने शोभायात्रा निकाला और आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात अतिथियों ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया। बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि उनके आदर्श एवं आचरण को आत्मसात करने की आवश्यकता है। देश की एकता अखंडता के लिए समाज एवं ग्रामीणों में आपसी भाई चारा होना जरूरी है। इस अवसर पर श्री सिंह ने सीसी रोड़ के लिए दो लाख की घोषणा किया। कार्यक्रम में आनंद पटेल, प्रकाश जंघेल, किशुन मिर्चे, जीवनदास, राकेश ठाकुर, भीखु हिरवानी, केसलाल मेरावी, ओमप्रकाश जंघेल, दिवाकर सोनी, रमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, ऋषभ सिन्हा, डेरहालाल मसखरे, भोजराम जंघेल, उमाशंकर, राकेश जंघेल, शारदा जंघेल, गोरेलाल जंघेल, टाकेश्वरी जंघेल, टोकेन्द्र जंघेल, पुष्पलता, सत्यभामा, काजल नेताम, ओमिसा जंघेल, राम खिलावन, खुशबु, अन्नपूर्णा, युवराज, भोजराम, त्रिलोका, अश्वनी, कैलाश वर्मा, घसिया सहित अन्य मौजूद थे।

### शिविर में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा, पारागांव खुर्द, मुसरा, सुकुलदैहान के तत्वावधान में ग्राम छुहीया में सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक चर्चा में व्याख्याता अभय श्रीवास्तव ने बच्चों को सामाजिक कुरीतियों से अवगत कराया। इसी कड़ी में व्याख्याता अनिल कुमार जंघेल ने पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया के प्रभाव, एनएसएस जिला संगठक मोनिका दास ने एनएसएस के इतिहास एवं व्यक्तित्व विकास, बाल संरक्षण विभाग के संतोष केवट एवं श्री जंघेल ने विषम परिस्थिति से अवगत कराते हुए पास्को एक्ट की जानकारी दी। इसी क्रम में भेडीकला के प्राचार्य एफआर वर्मा ने कैरियर गाइडेंस के बारे में बताया। शिविर में 205 स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी दानेश्वर लिल्हारे, पुनेश्वर साहू, भानुप्रताप लोधी, सुनीता धुर्वे एवं अनिल कुमार जंघेल शामिल हुए।



# एक साथ हुआ मृतकों का अंतिम संस्कार

- तीन की मौत के बाद मुरमुंदा में सन्नाटा



**घुमका।** शनिवार को हुए सड़क हादसे में तीन की मौत के बाद मुरमुंदा में सन्नाटा पसर गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का शव एक साथ गांव पहुंचा। हादसे में मृतक नारद यादव, तिलेश्वर यादव और भवन यादव की अंतिम यात्रा उनके घर से निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम के मुक्तिधाम में तीनों मृतकों का दाह संस्कार एक ही समय पर किया गया। नायब तहसीलदार राम लखन चौहान, बसंत बघेल ने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने बताया कि शासन से सहयोग राशि शीघ्र ही मृतकों के परिजनों को दिया जाएगा जिसकी प्रक्रिया जारी है। तात्कालिक सहायता के रूप में मृतकों के परिवार को 10-10 हजार रुपए दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल घटनास्थल पहुंची। रविवार को अंत्येष्टि में कोई भी जनप्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### अग्रवाल समाज की बैठक

# धार्मिक यात्रा सहित अन्य की बनी विस्तृत रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




छग प्रदेश अग्रवाल संगठन के पदाधिकारियों ने यहां स्थानीय पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों की बैठक लेकर आने वाले दिनों में होने वाले धार्मिक, सामाजिक आयोजन एवं यात्रा पर चर्चा किया।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगाव आदि स्थानों के सामाजिकजनों और कार्यकर्ताओं ने बम्लेश्वरी देवी पहुंचकर पूजा अर्चना किया। ट्रष्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। स्थानीय अग्रसेन भवन में अतिथि स्वागत के बाद कुल देवी माता लक्ष्मी, अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के बाद बैठक आरंभ हुई। प्रांतीय पदाधिकारियों ने स्थानीय पदाधिकार्यों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर 22 से 27 मार्च तक अयोध्या रामलला दर्शन, अग्ररोहा धार्मिक तीर्थ यात्रा के अलावा परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाभावी कार्यों पर चर्चा किया गया। धार्मिक यात्रा में प्रत्येक परिवार की सहभागिता और जगह-जगह स्वागत करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अशोक मोदी, सुनील रामदास अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विरेन्द्र अग्रवाल, विमल अग्रवाल, गंगा मोदी, निधि अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, हुकुमचंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, कन्हैया मोदी, गोपाल खेमुका, नितिन पचेरी, श्यामसुंदर नरेडी, शरद अग्रवाल, कन्हैया गुरूजी, केशो अग्रवाल, रिकु बंसल, गणेश नरेडी, प्रणय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### सिंगदई में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 3 को

**राजनांदगांव।** बजरंग चौक सिंगदई वार्ड नं. 50 में रिकार्डिंग डॉस प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी को रखा गया है। उक्त जानकारी महाकाल भक्त ग्रुप ने दी।


घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट में तुमडीबोड टीम विजेता

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम गोडरी में गत दिनों क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डोंगरगांव 11 एवं तुमडीबोड 11 के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में तुमडीबोड 11 विजेता रही तथा डोंगरगांव 11 की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों को मुख्य अतिथि श्री गांधी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि जीवन में खेलो का बहुत महत्व है। युवा पढ़ाई के साथ खेल से भी अपना भविष्य बना सकता हैं। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष तुमडीबोड राजू जागेश्वर यादव, पुनेश्वरी यदु, दिनेश साहू, अनिल साहू, चंद्रभान, राजू साहू, प्रवीण, देवा, बन्नू तथा गोडरी बॉयज क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष रेखलाल साहू, विकास साहू, विकास यादव, पवन साहू, मोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### 622 शिक्षक ई और 95 टी संवर्ग से हुए पदोन्नत

**खैरागढ़।** पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति करने के मामले में प्रदेश में दुर्ग पहला शिक्षा संभाग बना। छग शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी अटल नगर नवा रायपुर के आदेश जिसमे छग स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पद्दोन्नति नियम 2019 में निहीत प्रावधान अनुसार निर्धारित न्यूनतम अनुभव पांच साल सेवा पूरा कर चुके शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए निर्देशानुसार संभाग स्तरीय विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति के अनुशंसा पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 लेबल 9 में ई संवर्ग से 622 और टी संवर्ग से 95 शिक्षको को पूमाशा मे प्रपा के पद पर पदोन्नत हुए है। संभाग कार्यालय से काउंसलिंग का आदेश पृथक से जारी किया जाएगा। संघ सदस्य विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव, रूपेश कुमार देवांगन ने सयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ,सहायक संचालक केके शुक्ला, एएनवी स्वामी के प्रति आभार जताते हुए जल्द ही काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध किया है।

### कुल्लु मनाली में शामिल हुए स्काउट-गाइडर

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग द्वारा अमृतसर जिले के कुल्लु मनाली में आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट-गाइडर हाईक में प्रदेश के 104 सक्रिय स्काउटर एवं गाइडर ने विभिन्न सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन एवं अध्ययन किया। जिसमें जिले से स्काउटर एवं गाइडर भारती रजक, तुलसीराम साहू, दाताराम निषाद एवं नीरेंद्र नीलम साहू शामिल थे।

बैंगलुरू के क्राइस्ट युनिवर्सिटी में 38वें साउथ ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल

# युवा उत्सव में संगीत विवि ओवरऑल चैम्पियन, 24 विधाओं में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बैंगलुरू के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में 38 वें साउथ ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में इंदिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। यूथ फेस्टिवल में पूरी शान से विवि का परचम लहराने के बाद छात्र कलाकारों ने कुलपति सत्यनारायण राठौर से मुलकात की।

कुलपति ने सभी को जीत की बधाई देते हुए इसी तरह देश-विदेश में संगीत विवि की ख्याति बढ़ाने और नाम रोशन करने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित अधिष्ठातागण प्रो डॉ राजन यादव, प्रो डॉ नीता गहरवार, प्रो डॉ नमन दत्त, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ देवमाईत मिंज व सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित विवि परिवार ने सभी को बधाई दी।



### 48 विद्यार्थियों ने 24 विधाओं में दी प्रस्तुति

युवा उत्सव में विवि के कुल 48 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने 24 अलग-अलग विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर के रूप में सहायक प्राध्यापक कपिल वर्मा, अतिथि प्राध्यापक डॉ. विधा सिंह ने दल का नेतृत्व किया। युवा उत्सव में छात्र कलाकारों ने शास्त्रीय व पाश्चात्य गायन, तबला, वायलिन वादन, समूह गान हिन्दुस्तानी, लोक नृत्य फोक आर्केस्ट्रा, वन एक्ट प्ले, माईक, मिमिक्री, स्किट शास्त्रीय नृत्य कत्थक, सुगम संगीत, वाद-विवाद, पोस्ट पेंटिंग, कोलाज, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग, इंस्टालेशन, पोस्टर मेकिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, मेहंदी व रंगोली जैसी विधाओं में भाग लिया। इन कलाओं के प्रदर्शन में सुगम संगीत, समूह गान, पाश्चात्य वादन, शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, स्पॉट फोटोग्राफी में विद्यार्थियों ने प्रथम, कोलॉज में द्वितीय और वायलिन वादन, लोकनृत्य व इंस्टालेशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसके चलते उन्हें ओव्हर आल चैंपियन का पुरस्कार मिला। विवि पहुंचे छात्र कलाकारों ने अधिकारियों व शिक्षकों के बीच अपनी खुशी जाहिर करते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

### छात्र कलाकारों को मिला पुरस्कार

यूथ फेस्टिवल में संगीत विवि के छात्र प्रथा रामटेके ने सुगम संगीत, रागेश्री चौधरी ने तबला, मानस मयंक ने वायलिन, मानस कमल चौधरी ने वेस्टर्न इंस्ट्रमेशन सोलो, डेविड किस्पोट्टा व ऋषभ प्रकाश ने शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी, प्रथा रामटेके व नकन खंडेलवाल ने स्पॉट पेंटिंग, गुलशन साहू ने कोलॉज, पोस्टर मेकिंग, प्रियांशु निरंजन ने कार्टूनिंग, राहुल रूने ने क्ले मॉडलिंग, गुलशन साहू ने रंगोली, रितेश डड़सेना ने स्पॉट फोटोग्राफी, कनक खंडेलवाल, राहुल रूंजे, गिरीश दास, प्रियांशु निरंजन ने इंस्टालेशन, कृति मिश्रा ने मेहंदी, वन एक्ट क्ले-स्किट माइम, सोमनाथ ने मिमिक्री, हिमांशु कुमार व अमिशा घोष ने वाद-विवाद, मानस मयंक, अमिशा घोष व रागेश्री दास चौधरी ने क्विज, अयान रजा ने इलोकेशन, हिमांश्री शर्मा ने कत्थक नृत्य में प्रस्तुति देकर स्थान हासिल किया। विभिन्न प्रस्तुतियों के दौरान संगतकार के रूप में किशन प्रकाश, प्रिया कुमारी, मोनिका निराला, मानस कमल चैधरी, दीपक दास महंत, सुगम शिवाले, सोमनाथ, डॉली अहिरवार, हिमांशु कुमार, प्रियांशु तिवारी, रोहन जंघेल, विकास गायकवाड़, अनुराग प्रकाश पंडा, हर्षगिरी भट्ट, अयाज रजा, भैरवी साहू, अमन मालेकर, खिलेश, रामचंद्र सर्पे, गौतम दास, करन कुमार रहे।

# किसानों को सताने, युवाओं को रूलाने में लगी है साय सरकार



■ जिला पंचायत सभापति विप्लव ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार को जिपं सभापति विप्लव साहू ने एक साल के कार्यकाल में हर मोर्चे पर बुरी तरह असफल और इसे छुपाने तमाम हथकंडे अपनाने पर विवश बताया है। कमजोर नेतृत्व और अपनी अपनी ढपली, अपना अपना राग के कारण शासन-प्रशासन में गतिशीलता का अभाव, नजर आ रहा है।

लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है वही युवाओं को अशिक्षित रखने और शराब का आदी बनाने के लिए गांव गांव में शराब दुकान खुलवाने के लिए साय सरकार पर तमाम जतन करने का आरोप लगाते हुए जिपं सभापति श्री साहू ने कहा कि एक साल सुशासन का दावा हर मोर्चा पर फेलवर साबित हो रहा है। चुनाव के दौरान समर्थन मूल्य 31 सौ करने और पंचायत के मार्फत एकमुश्त राशि देने का वादा कर सत्ता मे काबिज भाजपा सरकार से प्रदेश के अन्नदाता किसान ठगा महसूस कर रहे हैं। खरीदी बंद हो जाए इसके लिए उपार्जन केंद्रो से जानबूण्कर धान का परिवहन नही कराया जा रहा।

### खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

जिपं सभापति के साथ उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के लिए पहुंचे गौतमचंद जैन, हर्षदीप सिंह कोडापे, देवा वर्मा, जित्तू यादव, नंदू सिन्हा सहित अन्य ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि मिलर्स को निर्देश दिया गया है कि जो धान खरीदी केंद्र नजदीक है वहीं से धान का उठाव किया जाए यह आदेश दूरस्थ अवस्थित धान केंद्रों और किसानों के साथ अन्याय है जबकि केंद्रों के प्रबंधकों द्वारा कहा जा रहा है कि यही स्थिति रही तो चार दिनों में धान खरीदी फिर से बंद करना पड़ सकता है।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के उत्पीड़न कमेटी द्वारा मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर में मुख्य प्रवक्ता राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छग शासन के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार, जिसे अक्सर भावनात्मक दुर्व्यवहार या मानसिक दुर्व्यवहार या मनोवैज्ञानिक हिंसा या गैर-शारीरिक दुर्व्यवहार के रूप में जाना जाता है, दुर्व्यवहार का एक रूप है। जिसमें एक व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे व्यवहार के अधीन करता है या उजागर करता है। जिसके परिणामस्वरूप मनोवैज्ञानिक आघात हो सकता है। जिसमें चिंता, क्रोनिक अवसाद, नैदानिक अवसाद या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बीच अभिघातजन्य तनाव विकार शामिल है। यह अक्सर अपमानजनक रिश्तों में शक्ति असंतुलन की स्थितियों से जुड़ा होता है और इसमें बदमाशी , गैस लाइटिंग, कार्यस्थल में दुर्व्यवहार, अन्य व्यवहारों के अलावा शामिल हो सकते हैं, जो किसी व्यक्ति को असुरक्षित महसूस करा सकते हैं। यह उन व्यक्तियों द्वारा भी अंजाम दिया जा सकता है, जो यातना , अन्य हिंसा, तीव्र या लंबे समय तक मानवाधिकारों का हनन करते हैं। उन्होंने इस समस्या के निवारण के लिए बताया कि विशेष रूप से बिना कानूनी उपाय जैसे बिना मुकदमे हिरासत में लेना, झूठे आरोप, झूठी सजा और अत्यधिक मानहानि जैसे राज्य और मीडिया द्वारा अंजाम दिया जाता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न एक प्रकार का कष्टदायक व्यवहार है। जिसमें बार-बार शत्रुतापूर्ण और अवांछित शब्द, व्यवहार या कार्य शामिल होते हैं, जो दर्दनाक, चोंट पहुंचाने वाले, परेशान करने वाले, अपमानजनक होते हैं, ऐसी स्थितियों में पीड़ित की गरिमा और मनोवैज्ञानिक या शारीरिक स्वास्थ्य को खतरा होता है और काम या पढ़ाई का माहौल विषाक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय ज्ञान का मंदिर है तो इस प्रकार के व्यवहार को खुद के जीवन में कभी प्रभावित नहीं होने देना और अपने आसपास के वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखना। साथ ही इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी इस अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# कवियों ने बिखेरा काव्य के कई रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिलासपुर के जाने-माने कवि और लोक गायक केदार दुबे और जगदीप कुलदीप को सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत गंडई के प्राचीन शिव मंदिर दर्शन से हुई। साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव के निवास पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में स्थानीय और आमंत्रित कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवियों ने अपनी कविता से गरीबों की पीड़ा, जीवन के उतार-चढ़ाव, समाज की व्यंग्यात्मक तस्वीर, प्राकृतिक सुंदरता, आधुनिक जीवन की चुनौतियां को रेखांकित किया। युवा कवि मुकेश



साहू ने गरीबों की पीड़ा को बयां किया। वहीं कवयित्री श्रद्धा यादव ने जीवन की यात्रा को नदी के बहाव से जोड़ा। बोधनसिंह चंदेल ने छत्तीसगढ़ी गीतों से वातावरण को संगीतमय बनाया। लोक गायक द्वारिका यादव और जगदीप कुलदीप ने अपने गीतों से श्रोताओं को भावविभोर किया। लच्छू यादव और डॉ. कमलेश शर्मा ने हास्य कविताओं से समाज के कुछ पहलुओं पर तीखी टिप्पणी की। अंत में केदार दुबे ने कविताओं के माध्यम से नए साल का स्वागत किया।

# देवांगन बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 के बहुप्रतीक्षित राजनांदगांव जिला का पुनर्गठन 28 दिसंबर को संपन्न हुआ। प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह ने प्रांतीय अध्यक्ष की अनुमति से जिले का पुनर्गठन प्रस्ताव निर्धारित तिथि की बैठक में रखा। जिसमें इंजीनियर जीआर देवांगन का नाम जिला अध्यक्ष के लिए सदन से प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनर्स साथियों ने हर्ष ध्वनि से प्रस्ताव पारित किया। इसी तरह सभी तहसील अध्यक्षों का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गठन किया गया। जिसमें राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव शहर के लिए बीटी वाल्दे, राजनांदगांव ग्रामीण जीएल



सोनबोईर, कुमरदा पीआर चंद्रवंशी, छुरिया केआर साहू, डोंगरगांव महेश कुमार अत्री एवं डोंगरगढ़ के लिए अश्वनी नायक तहसील अध्यक्ष बनाए गए।

# जिला भाजपा कार्यालय में विक्रांत ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ बड़ी संख्या में भाजपाई थे उपस्थित

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने जिला भा ज पा कार्यालय में भाजपाइयों के साथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया। कार्यक्रम समाप्ति बाद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलंपिक की जिस प्रकार सराहना की वह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह आलोंपिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा के नेतृत्व का ही परिणाम है कि जो बसतर पहले माओवाद प्रभावित क्षेत्र के रुप में जाना जाता था आज वह बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों और अपने तेज विकास के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तन पर भी चर्चा की। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, रामाधार रजक, कृष्णा वर्मा, गोरेलाल वर्मा, बिशेषर साहू, कीर्ति वर्मा, शशांक ताम्रकार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




इंदौर में अभा वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ की बैठक

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लाल जेके वैष्णव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदौर में अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुम्बई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके वैष्णव को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा अर्चना से हुआ।

पूर्व राज्यमंत्री पं योगेन्द्र महंत के संयोजन मे आयोजित अधिवेशन कार्यक्रम संचालन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता भुवनेश वैष्णव बैरागी समाज के विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों का स्वागत किया। प्रदेश वैष्णव समाज संगठन में एकजुटता और सक्रियता लाने छुईखदान राजपरिवार के सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव का




प्रतीक चिन्ह, भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पं योगेन्द्र महंत ने सम्मानित किया।

बैठक में छत्तीसगढ़ से राघवेन्द्र दास वैष्णव को युवा वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव ओ पी बैरागी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुलाल बैरागी भोपाल, सुनील वैष्णव, गोपाल वैष्णव पूर्व मीडिया प्रभारी, प्रशांत महंत, धीरज वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, कृष्णा बैरागी दशरथ शर्मा, मनोहर बैरागी ,कमल बैरागी, बंटी बैरागी देपालपुर , गुड्डा ,योगेश, अनिल देवमुरार, गिरधर वैष्णव, नरेश वैद्य, महेशचंद्र शर्मा, चान्दनी बैरागी महासचिव, नीलिमा बैरागी, लतारानी वैष्णव, निशा शर्मा, श्रेया वैष्णव, अंजना अग्रावत, विद्या वैष्णव , सुनील रामावत, रामेश्वर वैष्णव, बद्रीप्रसाद अग्रावत, गजानन्द रामावत, भुवनेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वैष्णव जन शामिल रहे।

### वैष्णव प्रभा पुस्तक का विमोचन

कार्यकारिणी बैठक में श्री वैष्णव बैरागी समाज संघ और व्यापक वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज इन्दौर द्वारा तैयार कैलेंडर व वैष्णव प्रभा पुस्तक का विमोचन कर सदस्यों को भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन ओपी बैरागी ने किया।




।। जीवेत शरदः शतम् ।।
राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के
लोकप्रिय, ऊर्जावान, यशस्वी सांसद
मान. संतोष पाण्डेय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. संतोष पाण्डेय जी
सांसद, राजनांदगांव
HAPPY BIRTHDAY
नम्रता सिंह
जिला महामंत्री, भाजपा
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

## सार समाचार

### जिला अस्पताल जन औषधि केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस एवं सुशासन दिवस पर जिला अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के सचिन बघेल, समाजसेवी रमेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सचिन बघेल ने कहा कि जिला अस्पताल में जन औषधि केन्द्र खुलने से नागरिकों को कम कीमत पर जीवनरक्षक एवं नियमित दवा लेने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। रमेश पटेल ने कहा कि शासन द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों को पूरी सुविधा मिल सके एवं वाजिब कीमत पर दवा के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा जिला अस्पताल स्टाफ से चर्चा कर अस्पताल में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।




इस अवसर पर डॉ. आर. तुलावी, सिविल सर्जन डॉ. सीआर चंद्रवंशी, रेडक्रास के सहसचिव सुशील जैन, प्रबंधक सह जिला संगठक रेडक्रास प्रदीप शर्मा, अखिलेश सिंह, खोमेश साहू, हेमप्रभा सिन्हा, दीपक नेताम, सुखदेव राऊत, डॉ. आरके नेताम, महेश नेताम सहित जिला अस्पताल के स्टॉफ उपस्थित थे।

### वाहन में एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ

**राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (एचएसआरपी) लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वाहन स्वामी इस संबंध में आवेदन एवं विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

### बसंतपुर में सुनी गई मन की बात

**राजनांदगांव।** बसंतपुर वार्ड नं. 46 बूथ क्र. 53 में शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी सहित अन्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 117वां एपिसोड सुना। इस अवसर पर दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवशरण सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी, पार्षद खेमिन राजेश यादव, पूर्व पार्षद शेखर यादव, विनोद श्रीरंगे, गीता साहू बूथ अध्यक्ष, कृष्णा बूथ अध्यक्ष, धरम उक्के बूथ अध्यक्ष, विजय देवांगन बूथ अध्यक्ष, शिव साहू बूथ अध्यक्ष, टिकेश्वर ठाकुर, नरेश सारथी, मोहन सिन्हा, लालू यादव, कन्हैया यादव सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 25 बच्चों को दी स्पीच थैरेपी की सेवाएं

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित तिरुपति काम्प्लेक्स में संचालित स्पीच थैरेपी एंड स्पेशल एजुकेशन सेंटर में अधिवक्ता संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में निःशुल्क स्पीच थैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 25 पंजीकृत बच्चों को न केवल स्पीच थैरेपी की सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी द्वारा उन्हें मार्गदर्शन भी दिया गया। शिविर का उद्घाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी के विचारों से हुआ। उन्होंने कहा समाज में हर बच्चे को अपनी आवाज और क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलना चाहिए। यह शिविर हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रयास है, जो विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने में मदद करेगा।



स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी ने कहा कि हर बच्चा विशेष है, उनका सही तरीके से मार्गदर्शन और थैरेपी से न केवल उनके संचार कौशल में सुधार होगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुंच सके। कार्यक्रम में अशोक रजक, राजेश खांडेकर, आराधना वर्मा, राजेश चंदेल, उमाशंकर शर्मा, श्रुति अग्रवाल, शशांक ददरिया, कमलेश यादव, चांदनी राजपूत, पूनम साहू उपस्थित थे।

### लोकेशन ऑफिसर की मनमानी नहीं चलने देंगे

**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने राजनांदगांव आबकारी विभाग में पदस्थ राजदीप कंपनी के लोकेशन ऑफिसर/ डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर/ फील्ड अफसर रजत दुबे पर कार्रवाई करने गत दिनों अपर कलेक्टर इंदिरा तोमर व श्रम अधिकारी संजय सिंग को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। शमसुल ने बताया कि रजत दुबे के संरक्षण में अवैध मदिरा का कार्य जिलेभर में बिना किसी के डर के चल रहा है। दुकानों से अत्याधिक मात्रा में कोचियों को दारू दिलाना। जिससे जिले में हर गली-मोहल्ले में दारू का अवैध कारोबार बिना किसी डर के चल रहा है।



### मनुष्य को आध्यात्मिक चेतना से किया जा सकता है नियंत्रित

**राजनांदगांव।** मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है। जिसमें विवेक होता है। अध्यात्म मार्ग से विवेक की प्राप्ति होती है तथा विवेक से क्या करना, क्या नहीं करना, क्या त्याज्य है, क्या ग्राहय है, का बोध होता है निरंतर आध्यात्मिक अभ्यास से व्यक्ति उच्चतर स्तर को प्राप्त कर सकता है। उक्त उद्गार श्री हनुमान श्याम मंदिर में 18 दिवसीय संत समागम एवं श्री सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के दूसरे दिन श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस अरजकुंड निवासी सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पं. दिग्विजय शर्मा ने व्यक्त किए। श्री शिव महापुराण की कथा के माध्यम से संतश्री ने कहा कि मनुष्य का स्वभाव है कि वह स्वतंत्र रहना चाहता है, लंबे समय तक या अत्याधिक स्वतंत्रता से व्यक्ति बहिर्मुखी हो जाता है, वह स्वच्छंद हो जाता है, जो उसके लिए घातक है।

# डुंडेरा के सोलर प्लांट से हर रोज 5 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान रायपुर के प्रोफेसरों की टीम राजनांदगांव जिले के टप्पा (डुंडेरा) में स्थापित पहले प्रदेश के सबसे बड़े सोलर पॉवर प्लांट का रिसर्च करने पहुंची। राष्ट्रीय एक्सपर्ट की टीम ने 452 एकड़ के भू-भाग में 960 करोड़ की लागत वाले इस पॉवर प्लांट के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण करते स्थापित उपकरणों की क्षमता एवं तकनीकियों को बारिकी से परखा।

पॉवर कंपनी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में भविष्य में इस तरह के बड़े सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए वृहद स्तर पर कार्ययोजना हेतु प्रबंधकीय कार्य का रिसर्च करने यहां टीम दस्तक दी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की टीम में डॉ. शुभ्रता गुप्ता, डॉ. अनामिका यादव, डॉ. सचिन जैन, डॉ. स्वप्नजीत पटनायक, डॉ. बैद्यनाथ बैग, डॉ. डी. सुरेश एवं डॉ. रंजन कुमार शामिल रहे। दौरान प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के अलावा कार्यपालक निदेशक आरए पाठक, अधीक्षण अभियंता बिम्बिसार, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी, नुरेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद रहे। राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया।

इस कंपनी द्वारा 01 फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर कार्यशील किया गया। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है। जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है।



#### पांच गांव की पहाड़ी में स्थापित

राज्य में सोलर से बिजली सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढ़ाबा के आसपास के 4-5 गांव के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली प्रदाय की सुविधा रहेगी। इससे प्रतिदिन 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

#### 960 करोड़ से निर्मित प्लांट

राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया। इस कंपनी द्वारा 01 फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर कार्यशील किया गया। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है। जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। इस प्लांट की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें 660 वॉट क्षमता के कुल 2 लाख 39 हजार बाईफेसियल सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं।

### दो साल बाद भी शहरवासियों को नहीं मिला लाभ

# दस माह बाद शुरू हुआ स्टेशन पारा रेलवे अंडरब्रिज का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे अंडरब्रिज निर्माण कार्य लगभग 10 माह बाद पुनः प्रारंभ किया गया है, लेकिन कार्य की धीमी गति होने के चलते एक साल में बनने वाले इस अंडरब्रिज का लाभ दो वर्ष में भी शहर की जनता को नहीं मिल पाएगा।

शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र में 2 मार्च वर्ष 2023 को अंडरब्रिज का निर्माण करने के लिए रेलवे क्रॉसिंग को स्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। एक वर्ष के भीतर मार्च 2024 को यहां अंडरब्रिज का निर्माण पूर्ण किया जाना था, लेकिन अंडरब्रिज निर्माण स्थल पर पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाइन शिफ्टिंग कार्य नहीं हो पाने के चलते यहां काम लगभग 10 माह से बंद था।



#### ओवरब्रिज पर लग रहा जाम

लगभग दो वर्षों में भी यहां अंडरब्रिज का निर्माण नहीं होने के चलते ओवरब्रिज पर आए दिन जाम की स्थिति बनती है। रामनगर, स्टेशनपारा, शंकरपुर, चिखली, शांतिनगर, ढाबा और खैरागढ़ की ओर से आने वाले सभी वाहन इसी ओवरब्रिज से गुजरते हैं। जिसकी वजह से ओवरब्रिज पर यातायात का काफी दबाव रहता है। लगातार यहां दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसके बावजूद अंडरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई जा रही है।



#### पाइप लाइन हुआ शिफ्ट

बीते लगभग दो माह पूर्व गौरीनगर क्षेत्र से पाईप लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया गया है। इसके बाद अब स्टेशनपारा क्षेत्र की अंडरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग एक सप्ताह पूर्व शुरू हुआ है, लेकिन निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है।

#### एक हिस्से में ही निर्माण

स्टेशनपारा अंडरब्रिज लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है। इसके निर्माण कार्य की गति और कार्य महीनों से बंद होने के चलते अब तक यहां 20-25 प्रतिशत ही काम हुआ है। पुराने रेस्ट हाउस रोड साइड पर ही शेड निर्माण किया गया है। जबकि रेल लाइन का मुख्य हिस्सा और स्टेशनपारा क्षेत्र की ओर का निर्माण कार्य अब तक शुरू भी नहीं हुआ है।

# धोखे से ट्रेन में बैठा बुजुर्ग पुलिस ने परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलगाड़ी रूकने पर वर्धा रेलवे स्टेशन महाराष्ट्र में भूलवश दूसरी ट्रेन में चढ़ गए मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग व्यक्ति जो सूरत गुजरात का रहने वाला है, उनको रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की टीम ने परिजनों को सुपुर्द किया।



29 दिसंबर को रात्रि समय करीब 10.4 बजे रेलवे कंट्रोल रूम नागपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाडी सं. 12859 गीतांजलि एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक बुजुर्ग जो मानसिक रूप से कमजोर है, वह व्यक्ति परिजनों से वर्धा स्टेशन से बिछड़कर चढ़ गया है।

#### फोटो की मदद से खोजबीन

उक्त सूचना मिलने पर मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्या के मार्गदर्शन में निरीक्षक तरुणा साहू, उपनिरीक्षक के. प्रसाद, आरक्षक मनीष पटेल एवं आरक्षक पंकज भंडारकर द्वारा उक्त गाड़ी में कार्यरत अनुरक्षण दल से समन्वय कर बुजुर्ग के प्राप्त फोटो की मदद से खोजबीन की गई तो उक्त बुजुर्ग व्यक्ति को जनरल कोच में पाया, जिसे रे.सु.ब. पोस्ट राजनांदगांव में उतारकर इसकी सूचना बुजुर्ग की पत्नी को दी गई।

#### परिजनों ने आभार जताया

30 दिसंबर को समय करीब 9 बजे उक्त बुजुर्ग व्यक्ति के परिजन रे.सु.ब. पोस्ट राजनांदगांव में उपस्थित होने पर उनके द्वारा बताया गया बिछड़ा हुआ व्यक्ति अजीत सरकार उनकी पत्नी के साथ आसनसोल से सूरत तक गाड़ी सं. 13423 में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान गाड़ी के वर्धा स्टेशन में रूकने पर गाड़ी से उतरकर भूलवश गीतांजलि एक्सप्रेस में चढ़ गया, जो सीसीटीवी में चढ़ते हुए पाए जाने पर रेल मदद किया गया।वेरीफिकेशन करके उक्त बुजुर्ग व्यक्ति को सुरक्षित अवस्था में परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपने बिछड़े हुए परिजन को पाकर अजीत सरकार पिता सत्यनारायण सरकार 65 वर्ष साकिन सूरत गुजरात के परिजनों ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जनसंपर्क अधिकारी उषा किरण बडाइक पदोन्नत

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ उपसंचालक उषा किरण बडाइक का पदोन्नति आदेश जारी हुआ है। उन्हें उपसंचालक से संयुक्त संचालक के पद पर पदोन्नति दी गई है। राजनांदगांव जिला जनसंपर्क कार्यालय में अपनी सेवा दे रही उपसंचालक उषा किरण बडाइक अपने कर्तव्य और कार्यों के प्रति निष्ठावान है। उनके द्वारा लगातार शासन की योजनाओं की जानकारी प्रेषित की जाती है। उनकी गिनती मेहनती और संघर्षशील अधिकारियों में होती है। उनकी इस पदोन्नति से पत्रकारों और जनसंपर्क विभाग में पदस्थ कर्मचारियों ने बधाईयां दी है।



# पीएम के मन की बात के 117वें एपिसोड को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 117वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते छत्तीसगढ़ के बस्तर के 7 जिलों में चल रहे खेल प्रतियोगिता का जिक्र करते युवाओं को खेलो इंडिया से जोड़ने की और उनकी प्रतिभा को निखारने की बात कही। वहीं स्वास्थ विभाग की 2 बड़ी उपलब्धियों का जिक्र भी किया।




जिसमें सन 2015 से 2024 तक मलेरिया जैसी भयावह बीमारी से जहां लाखों लोगों की मौत हो जाती थी। जिसमें ज्यादातर आसम के चाय के बगानों में यह बीमारी ज्यादा भयावह थी। इस पर 80 प्रतिशत कंट्रोल कर लिया गया है। वहीं कैंसर जैसी भयावह बीमारी के पता चलते ही 30 दिनों के भीतर (आयुष्मान कार्ड) के माध्यम से इलाज करवाया जा सकता है। ऐसी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों को देश के प्रधानमंत्री ने देश की जनता के साथ साझा किया। इस पर सुमीत भाटिया ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि उत्तर मंडल के विभिन्न बूथों में आज मन की बात के 117वें एपिसोड़ का कार्यक्रम सफलतापूर्ण आयोजित किया गया। जिसके लिए सभी बूथ अध्यक्षों सहित उनकी टीम और वार्ड के प्रमुख कार्यकर्तागण बधाई के पात्र हैं।

# निगम की टीम ने पकड़े 9 घुमंतू मवेशी

**राजनांदगांव।** घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ के तहत नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के बाह्य प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों से 9 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे मवेशी चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशुपालकों के विरूद्ध पशुपालक पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बाह्य प्रमुख मार्गों व चौक-चौराहों आरके नगर, कमला कालेज रोड, महेश नगर, बसंतपुर रोड व नेहरू नगर आदि क्षेत्रों से घुमंतू मवेशियों की धरपकड के तहत 9 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है।

# चाकू से डराने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर आने-जाने वालों को डराने-धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। जिसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 दिसंबर को आरोपी राकेश जोशी 30 साल निवासी नंदई चौक कोठारपारा हाल अटल आवास मोहारा का रहने वाला नंदई चौक के पास सार्वजनिक जगह पर एक लोहे का धारदार चाकू दिखाकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने पर उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवागन, पेट्रोलिंग बी-9 के प्रधान आरक्षक दीपक जयसवाल, आरक्षक जामिंद्र वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।



# मतदाता सूची में नाम जोड़ाने की अपील

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता कार्यक्रम 15 जनवरी तक संचालित है। जिसके तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ाने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य 5 जनवरी तक मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है।

इस संबंध में महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते कहा कि जिनके द्वारा मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़ाया गया है, वे अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर नाम जोड़ा लें। साथ ही वे युवक-युवतिया जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराएं, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने पार्षदों से भी अपील करते कहा है कि अपने-अपने वार्ड के पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने कार्य निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर 5 जनवरी तक पूर्ण कर लें।








हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024



### आरक्षक भर्ती मामले में पुलिस की एक और कार्रवाई

# तीन पुलिस कर्मी और एक महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। सात लोगों की गिरफ्तारी के बाद भी जारी जांच में चार अन्य लोगों की संलिप्तता पाए जाने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें तीन पुलिसकर्मी एवं एक महिला अभ्यर्थी शामिल है। वहीं यह भी साफ कर दिया गया है कि आगे भी जांच में जिन लोगों की संलिप्तता इस मामले में पाई जाएगी, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक भर्ती संवर्ग में मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने के मामले में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग मैसेज एवं गवाहों के बयान के अलावा अन्य साक्ष्य सबूत जमा किया गया। इसके साथ ही भर्ती के दौरान की डिजिटल साक्ष्य और संदेहियों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर चार लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार होने वालों में आरक्षक विकास सिंह राजपूत पिता शत्रुघन 27 वर्ष निवासी हथनीकला थाना मुंगेली जिला मुंगेली, आरक्षक कार्तिक देशलहरे पिता स्व. नकुल 43 वर्ष निवासी पांडुका थाना खैरागढ़ जिला केसीजी, आरक्षक सुंदरलाल नेताम पिता कुंवर सिंह 46 वर्ष निवासी जामसरार चौकी तुमड़ीबोड़ थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के साथ ही महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी निवासी कबीरधाम जिला शामिल है।

### अब तक 11 को किया गया गिरफ्तार



**इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस भी जब्तः** इस मामले में पुलिस विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को भी जब्त किया है। बताया गया कि जांच में अभी और भी संहेदी लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी कर ली गई है, उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है।

### दो अभ्यर्थी भी गिरफ्तार

ज्ञात हो कि भर्ती मामले में गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों के अलावा अंक बढ़वाने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ भी एक्शन शुरू कर दिया गया है। इस मामले में अनुचित तरीके से इवेंट में नंबर बढ़ाने बोलने वाली महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी पिता रमेश चंद्रवंशी 23 वर्ष निवासी जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है।

### लगातार हो रही कार्रवाई

इस मामले में पुलिस महकमे ने अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर ली है। इस मामले में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी दुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश धुर्वे और परिधी निषाद के खिलाफ एक्शन लेने के बाद अब मंगलवार को अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार और संदेही से पूछताछ की जा रही है, जिनको भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

### एसआईटी करेगी जांच

उल्लेखनीय है कि इस मामले में संदेही रहे आरक्षक द्वारा आत्महत्या मामले में एसआईटी जांच करने वाली है। इसके अलावा विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से यह कहा था कि आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले में एसआईटी के जरिये जांच कराई जाएगी। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी साफतौर पर कहा है कि गड़बड़ी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

# विरोध के बाद भी खुली दुकान सड़क पर उतरकर चक्काजाम

### बौद्ध समाज के लोगों ने किया शराब दुकान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक के समीप शराब दुकान खोले जाने को लेकर बौद्ध अनुयायियों ने कड़ा विरोध जताते शराब दुकान के बाहर प्रदर्शन किया और नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया। बौद्ध समाज द्वारा यहां शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद यहां शराब दुकान खोलने से समाज के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है।

शराब दुकान के खिलाफ प्रदर्शन करते बौद्ध समाज के लोगों ने कहा कि यह चौक बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर है। वहीं चौक पर संविधान की पुस्तिका प्रतिमा भी लगाई गई है। ऐसे में इस चौक से समाज के लोगों की आस्था जुड़ी है। इस चौक पर शराब दुकान खोले जाने से समाज में गहरा आक्रोश है।

बौद्ध समाज के लोगों ने यहां खुली शराब दुकान का विरोध करते अंबेडकर चौक से रैली निकाली और चौक के समीप ही खुली शराब दुकान के सामने पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश सरकार और शराब दुकान के विरोध में नारेबाजी की।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी

बौद्ध समाज के लोगों ने चक्काजाम और प्रदर्शन करते यहां से इस शराब दुकान को हटाने की मांग की है और शराब दुकान नहीं हटाए जाने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने को लेकर चेतावनी दी है। इस आंदोलन के दौरान बौद्ध समाज के पदाधिकारी और महिलाएं भी उपस्थित थी।

### दवा दुकान की बाजू खुली शराब दुकान, हो रहा विरोध

अंबेडकर चौक के मेडिकल दुकान की बगल से ही प्रीमियम शराब काउंटर खोला गया है, जहां 170 प्रकार की ब्रांडेड और महंगी शराब का विक्रय किया जाएगा। लगभग चार दिन पहले खुली इस शराब दुकान में 840 रुपए से लेकर 6200 रुपए कीमत की शराब उपलब्ध है। वहीं इससे महंगी शराब भी यहां उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन इस प्रीमियम शराब काउंटर पर लगभग सवा लाख रुपए की शराब बिक्री हो रही है।

### आवागमन हुआ बाधित

बौद्ध समाज के लोगों द्वारा अंबेडकर चौक पर शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर पहले भी ज्ञापन के माध्यम से आंदोलन किया गया था। इसके बावजूद यहां शराब दुकान खोले जाने से समाज के लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे मार्ग के एक हिस्से से आवागमन बाधित हो गया। मौके पर कोतवाली टीआई के पहुंचने के बाद उनकी समझाइश पर समाज के लोगों ने सड़क से हटकर अंबेडकर चौक में पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चक्काजाम के चलते लगभग 20 मिनट तक आवागमन बाधित रहा।

# न्यू ईयर के पहले अशांति फैला रहे बदमाशों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष को देखते हुए पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत 10 दिनों में 12 प्रकरण में 14 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी को निर्देश दिया गया कि थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर को देखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर संदिग्धों, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों तथा हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरणों में 5 आरोपियों को, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में 4 आरोपियों को, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 5 प्रकरणों में 5 आरोपियों कुल 12 प्रकरणों में 14 आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135 (3) एवं 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय बना रहेगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### कई कार्यक्रम में सम्मिलित हुए : अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं प्रदेश प्रतिनिधि अर्जुन तिवारी एक दिवसीय कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र दौरा एवं प्रवास में रहें। जहां उन्होने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। वहीं समीपस्थ ग्राम नवघटा में निवासी डॉ राजेन्द्र चन्द्रवंशी पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पिताजी स्व. रामफल चन्द्रवंशी के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व मृतात्मा के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान अर्जुन तिवारी, महेश केशरी, तुकेश्वर साहू रोहित गबेल, रामेश्वर गबेल, अशोक कश्यप, किरण शर्मा, रामूलाल चंद्राकर, अवनीश कश्यप, सुरेंद्र दुबे, डॉ कृष्णा साहू, मणिकांत त्रिपाठी, मनोज, रिंकेश केशरवानी, रिजवान खान, बद्री चन्द्रवंशी, भरत राजपूत, सुरेश चन्द्रवंशी, भरत चन्द्रवंशी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### न्यायालय नायब तहसीलदार, बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र./202411080200025/ अ-21 (1) वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलखन पिता शंखराम जाति गोड़ निवासी ग्राम डंगनिया तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा अपने निजी स्वामीत्व की भूमि ग्राम बांधा प.ह.नं. 40, तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 52/1 रकबा 0.733 हे. भूमि को गैर आदिवासी श्रीमती शोपकुवंर साहू पति रूपलाल साहू जाति तेली निवासी झंडी तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के पास विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत् आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष पेश किया गया है। जो नियमानुसार जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

तद्संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 09.01.2025 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 26.12.2024
पेशी तिथि - 09.01.2025

मुहर

नायब तहसीलदार
बोड़ला

# पीएआईडब्ल्यू गौसेवकों को जिला स्तरीय बैठक संपन्न

## गौ-माता का बेहतर पालन कैसे सम्भव हो इस विषय पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला कबीरधाम के सभी ब्लॉक के मैत्री पीएआई डब्लू, गौसेवक संघ के कार्यकर्ताओ की विशेष बैठक कवर्धा के जनपद पंचायत के आगे स्थित गार्डन मे संघ के जिलाध्यक्ष हरीश साहू के नेतृत्व मे आयोजित किया गया। यह बैठक शासन व पशुधन विभाग के अनेक योजनाओं व गौसेवा आयोग अध्यक्ष गौसेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल के मंशाअनुरूप गौ-माता की सेवा और बेहतर उपचार और गौ-माता की हर घर गौ-माता का बेहतर पालन कैसे सम्भव हो इस विषय पर चर्चा किया गया।

अध्यक्ष हरीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया की गौसेवक द्वारा विभाग के लगभग 60 प्रतिशत कार्यो को संघ के कार्यकर्ताओ के द्वारा अपने जान को जोखिम मे रखकर किया जा रहा है, जैसे वत्स उतपन्न एआई विधि द्वारा, टीकाकरण गंभीर बीमारियों के बचाव हेतु टैगिग, कंस्ट्रेशन, पशु संगणना इस प्रकार के अनेक कार्य जो पशुधन विकास की योजना है। जिसे संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा सतत 25-26 वर्षो से किया जा रहा है पर अभी तक संघ को एक निश्चित मानदेय राशि शासन प्रशासन द्वारा सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। जिससे इन प्रदेश भर मे लगभग 1250 कार्यकर्ता एक निश्चित मानदेय राशि हेतु सरकार की ओर एक टक लगाए बैठे है इन सब विषयो को गौसेवा आयोग के अध्यक्ष को प्रदेश स्तर पर प्रदेश के पदाधिकारिओं द्वारा अवगत कराया गया है, इन सभी विषयो को लेकर संघ द्वारा बैठक कर रणनीति तैयार किया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ब्लॉक के सभी सदस्य व कार्यकर्ता गण उपस्थिति थें साथ ही साथ आगे की रणनीति के लिए अपनी सहमति दिया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में दामापुर पुलिस टीम विजयी

- अपराध, नशे से दूर रहने का सबसे अच्छा माध्यम है खेल : अश्वनी यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



दामापुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति अश्वनी यदु ने बताया कि खेल का स्थान जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है, खेल को प्रतिस्पर्धा के भावना से देखना उचित नहीं होगा, जबकि खेल का स्थान जीवन को निखारने में सबसे ऊंचा है। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुलिस टीम दामापुर एवं अतरिया के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें दामापुर पुलिस टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी हासिल की।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के लगभग 14 टीमों नें हिस्सा लिया था। मुख्य अतिथि अश्वनी यदु ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए खेल भावना को सबसे ऊपर रखने की बात कही, समापन कार्यक्रम में मुख्यरूप से पुलिस चौकी दामापुर टीम सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामवासी व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।






# मिडिल स्कूल प्रधानपाठक की पदोन्नति सूची जारी करने वाला प्रदेश का पहला संभाग बना दुर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 12-17/2018/20 दो अटल नगर रायपुर 5 मार्च 2019 द्वारा जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पद्दोन्नति नियम 2019 में निहीत प्रावधान अनुसार निर्धारित न्यूनतम अनुभव 05 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षको को छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन तथा नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-15/2020/20-2 नवा रायपुर में 10 फरवरी 2021 में दिए गए निर्देशानुसार संभाग स्तरीय विभागीय पद्दोन्नति, छानबीन समिति द्वारा किए गए अनुशंषा पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 लेबल 9 में संवर्ग से 622 एवं टी-संवर्ग से 95 शिक्षक प्रधान पाठक मिडिल के पद पर पद्दोनन्त हुए है। संभाग कार्यालय से जारी आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग से जारी निर्देश अनुसार कॉन्सलिंग का आदेश पृथक से जारी किया जाएगा। संघ के सदस्य विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव ने बताया कि ई-संवर्ग से 254, एल बी-संवर्ग से368 और टी संवर्ग 95 शिक्षको की पद्दोनन्त हुए है। संघ सदस्यो एवं पद्दोनन्त साथियों ने संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, सहायक संचालक केके शुक्ला, एएनवी स्वामी के प्रति आभार जताते हुए जल्द ही काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया।


Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130








## खबर संक्षेप



### भारतीय किसान संघ ने आयोजित किया सम्मेलन

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को पुराना कृषि मंडी प्रांगण कवर्धा में सेवा सहकारी समितियों में चुने गए सभी संयोजक सह संयोजक तथा सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। भारतीय किसान संघ से मिली जानकारी के मुताबिक सम्मेलन में सेवा सहकारी समितियों में सहकारिता के नियम के तहत किसानों के क्या-क्या अधिकार हैं साथ ही सहकारी समितियों के उपयोगिता क्या है इसके माध्यम से किसान क्या-क्या लाभ ले सकते हैं इन सभी बातों की जानकारी दी गई। सम्मेलन में मुख्य रूप से सहकार भारतीय प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान संघ माधो सिंह ठाकुर, संरक्षक दानेश्वर सिंह ठाकुर, प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह ठाकुर, जिला कार्यकारणी, तहसील कार्यकारणी, एवं जिले के सभी सोसायटी के निगरानी समिति के संयोजक, सहसंयोजक उपस्थित थे।

### पति पत्नी को धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** बोड़ला पुलिस ने महिला और उसके पति को चाकू दिखाकर धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506(3) भादवि और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बोड़ला क्षेत्र में 30 दिसम्बर को प्रार्थिया साधना निर्मलकर ने शिकायत दर्ज कराई कि जब वह अपने पति के साथ ससुराल जा रही थी, तब बोड़ला नगर के वार्ड क्रमांक 08 निवासी संदीप कश्यप ने धारदार चाकू लेकर उसके मायके के सामने आकर धमकी दी। आरोपी ने कहा कि अगर प्रार्थिया ससुराल जाएगी, तो वह उसे और उसके पति को जान से मार देगा। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बोड़ला पुलिस ने तत्काल संदीप कश्यप के खिलाफ धारा 294, 506(3) भादवि और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास एक चाकू भी बरामद किया है।

### 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 04 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत ग्राम खुरमुड़ा निवासी दशरथ की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि उर्वशी को, ग्राम खड़ौदाखुर्द निवासी दलसिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि हिरौदा बाई, ग्राम हाथीडोब निवासी हेमलता की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति दशरथ साहू को और ग्राम केशरी निवासी गौरी बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र अर्जुन चंद्रवंशी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

**हादसा:** करीब आधा घंटा तक सड़क पर पड़ा रहा युवक का शव, आरोपी वाहन चालक फरार

# तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आए युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील और खतरनाक माने जाने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में सोमवार को एक बार फिर जीवलेवा सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन की चपेट में आने से मोटर सायकल सवार ग्रामीण युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना के बाद अज्ञात हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटना के करीब आधा घंटे बाद जब मार्ग से गुजरने वाले राहगीर ने मृतक युवक का शव सड़क पर पड़ा देखा तो उसने इसकी सूचना कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं अब आरोपी हाईवा वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 12.00 बजे कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर निवासी तुलाराम मरकाम आयु करीब 20 वर्ष अपनी हीरो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे- जे 7506 में सवार होकर अपने गांव से पंडरिया की तरफ जा रहा था। बताया कि इसी दौरान पंडरिया-बजाक मार्ग में ग्राम मुनमुना बस्ती जाने वाले मोड़ में मोटर सायकल सवार युवक एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन की चपेट में आ गया और घटना में गंभीर चोट आने के कारण युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी हाईवा वाहन चालक दुर्घटना के शिकार मोटर सायकल सवार युवक की बगैर सुध लिए ही मौके से फरार हो गया और करीब आधा घंटा तक मृतक युवक का शव सड़क पर ही पड़ा रहा है। जिसके बाद मार्ग से गुजरने वाले एक राहगीर ने इसकी सूचना कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और चिकित्सकों द्वारा युवक की मौत की पुष्टि किए जाने के बाद मर्ग कायम कर अब आरोपी हाईवा वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

### बेलगाम फर्राटे भर रहे हैं वाहन चालक



यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया-बजाग मार्ग चौड़ा भी है और चिकना भी है। लेकिन पहाड़ियों और जंगल के बीच से गुहरने वाला यह मार्ग बेहद घुमावदार है। बावजूद इसके लापरवाह वाहन चालक इस मार्ग में बेलगाम फर्राटे भरते नजर आते हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो खासकर इस वनांचल क्षेत्र में सरकारी निर्माण व विकास कार्यो में लगे ठेकेदारों को निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने वाले हाईवा वाहन चालकों की रफ्तार तो इतनी ज्यादा होती है कि वे किसी को भी ठोकर मार कर मौके से चंपत हो जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने इस तरह की लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ठोस व कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### आए दिन होते रहते हैं इस मार्ग में छोटे बड़े हादसे

पंडरिया से बजाग मार्ग सीधे मध्यप्रदेश को जोड़ता है और इस मार्ग में क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ ही छोटे बड़े वाहनो की आवाजाही चौबिसों घंटे बनी रहती है। इस मार्ग से कई लबी दूरी की बसों का भी आना जाना लगा रहता है। जिसके चलते वाहनो की धमाचौकड़ी वाले इस मार्ग में आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होते ही रहती है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा इस संवेदनशील मार्ग के दुर्घटनाजन्य स्थानो को न तो चिन्हांकित किया जा रहा है और न ही यहां कोई सुरक्षा संकेत अथवा सुरक्षा के उपाय ही किए जा रहे हैं।

# शिक्षक से प्रधानपाठक में पदोन्नति आदेश जारी, जिले के 99 शिक्षकों को मिला लाभ

- सभी रिक्त पद प्रदर्शित कर अविलम्ब काउंसिलिंग की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से एलबी संवर्ग के शिक्षक से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति आदेश जारी हो गया है। छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में ई-एलबी संवर्ग के 368 शिक्षकों का नाम शामिल है, जिसमें कबीरधाम जिले से 99 शिक्षकों को पदोन्नति मिला है। पदोन्नति पश्चात पदांकन की कार्यवाही काउंसिलिंग के माध्यम से होगा।

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने पदोन्नति के लिए स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संयुक्त संचालक सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पदोन्नत शिक्षकों को बधाई दिया है। साथ ही संभाग के सभी जिलों में प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त रिक्त पदों की सूची पहले से जारी करते हुए अविलम्ब काउंसिलिंग कर पदांकन आदेश जारी करने की मांग किया है।

### काउंसिलिंग के पहले त्रुटि में सुधार हो

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पदोन्नति सूची में कुछ नाम त्रुटिपूर्ण शामिल कर लिया गया है, जिसमें काउंसिलिंग के पहले सुधार कर उनके स्थान पर पात्र शिक्षकों का नाम शामिल करना आवश्यक है, ताकि कोई भी पात्र व वरिष्ठ शिक्षक पदोन्नति से वंचित न हो। उदाहरणस्वरूप शिक्षक ई-एलबी संवर्ग की पदोन्नति सूची के सरल क्रमांक-106 में श्रीमती रामेश्वरी साहू का नाम शामिल है, जो पहले से ही प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पद पर कार्यरत है।

# उठाव के अभाव में चिल्फी धान खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



चिल्फी सेवा सहकारी समिति में धान उठाव के आभाव में केन्द्र की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है। जिसके चलते समिति प्रबंधक के साथ ही किसानो को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में समिति प्रबंधक से मिली जानकारी के अनुसार चिल्फी सेवा सहकारी समिति में गत 14 नवम्बर से धान खरीदी जारी है। समिति द्वारा अभी तक समर्थन मूल्य पर कुल पंजीकृत 276 कृषकों से 14245 किवंटल 20 किलो धान की खरीदी की गई है। लेकिन जहां तक उठाव की बात की जाए तो समिति से अभी तक धान का उठाव मात्र 2020 क्विंटल ही धान का उठाव किया गया है। शेष 12225 क्विटल धान केन्द्र में जाम पड़ा है। जिसके उठाव को लेकर कई बार विभागीय संपर्क किया जा चुका है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब समिति में 14000 क्विंटल से अधिक की खरीदी हो जाएगी तब धान का उठाव किया जाएगा। ऐसी स्थिति में अभी तक यहां सिर्फ एक बार ही उठाव किया गया है समिति प्रबंधक ने बताया कि स्थानाभाव के कारण अब यहां और अधिक धान रखने की जगह नहीं है। लेकिन शासन-प्रशासन के निर्देश के चलते जबरदस्ती खरीदी की जा रहा है। वहीं किसानो ने बताया कि यहां उन्हें किसी प्रकार कोई सुविधा नहीं मिल रही है धान उतारने से लेकर बारदाना में भरने और यहां तक की बारदाना में सील मुहर लगाने तक का काम किसानो द्वारा ही किया जा रहा है। किसानो ने शासन-प्रशासन से धान उठाव कराने तथा किसानो को सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर 100 कुंडीय महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आगामी 13 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025 तक तीर्थराज प्रयागराज में अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री जी फाउंडेशन एवं वैदिक कायाकल्प संस्थान के तत्वावधान में ऐतिहासिक 100 कुंडीय द्वादश पुरुषचरनात्मक होमआत्मक श्री गायत्री स्मारत महायज्ञ, श्री राजराजेश्वरी महायज्ञ कोटी अर्चन, अष्टादश पुराण पारायण महायज्ञ और चतुर्वेद पारायण महायज्ञ सहित कई दिव्य अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 14 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025 तक माघी कथा और श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन होगा। इस महायज्ञ का उद्देश्य कुंडली दोषों से मुक्ति, नकारात्मकता का नाश, शारीरिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक उन्नति और चारित्रिक विकास को प्रोत्साहित करना है। महायज्ञ का आयोजन कोटेश्वर महादेव, प्रयागराज की पावन भूमि पर होगा। यह वही स्थान है, जहां भगवान श्रीराम ने रावण वध के पश्चात ब्रह्महत्या दोष से मुक्ति के लिए कोटेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना कर पूजन किया था। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोककल्याण और आध्यात्मिक उत्थान का महापर्व है। ऐसा माना जाता है कि प्रयागराज में किया गया यज्ञ और उसमें दी गई एक आहुति हजारों यज्ञों के समान पुण्य प्रदान करती है।

### गन्ना परिवहन करने वाले कृषकों को रेडियम एवं झंडे का वितरण



**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित द्वारा गन्ना परिवहन करने वाले कृषकों और चालकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कारखाने ने गन्ना परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेडियम और झंडे का वितरण किया। यह कदम खासतौर पर गन्ना परिवहन के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और कृषकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। रेडियम और झंडों का वितरण करते हुए कारखाना प्रशासन ने सभी कृषकों और चालकों को सुरक्षित गन्ना परिवहन के बारे में महत्वपूर्ण सलाह भी दी। कारखाना प्रबंधक ने बताया कि गन्ना परिवहन करते समय वाहनों में रेडियम चिपकाने से रात के समय या धुंध में वाहनों की पहचान आसानी से हो सकेगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। इसके अलावा झंडों का उपयोग भी गन्ना लोड करते समय वाहनों को अन्य वाहनों से स्पष्ट रूप से अलग पहचान दिलाने के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान पोंडी चौकी के एएसआई श्री चंद्रवंशी, चौकी के पुलिस दल और भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारी भी उपस्थित थे। एएसआई श्री चंद्रवंशी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम किसानों और चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# छतीसगढ़ ग्राम युवा कल्याण समिति ने बैगा वनांचल क्षेत्र में किया गर्म कपड़ों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान




छत्तीसगढ़ ग्राम युवा कल्याण समिति द्वारा गत दिनो विशाल स्वच्छता अभियान चलाकर गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ ग्राम युवा कल्याण समिति कबीरधाम के करीब 100 कार्यकर्ता समाज सेवक बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत बिरुहुलडीह, विकासखंड पंडरिया, जिला कबीरधाम, आश्रित ग्राम कुंडा पानी, पंढरीपानी, भूरसीपानी, लिफरी में स्वच्छता अभियान चलाकर गरम कपड़ा साल, स्वेटर, ब्लैंकेट, साड़ी, पैंट शर्ट आदि वस्त्रों को वितरण किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ ग्राम युवा कल्याण समिति अपनी सामाजिक सेवा, सामाजिक कार्य, सहयोग, सुख-दुख में सहभागिता, जन जागरूकता के लिए जाना जाता है। यह संस्था पूरे छत्तीसगढ़ को एक परिवार मानकर कार्य करती है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ ग्राम युवा कल्याण समिति सामाजिक सेवा, सामाजिक कार्य, नशा मुक्ति अभियान, ग्राम सुरक्षा अभियान, पर्यावरण सुरक्षा अभियान, अंगदान अभियान, रक्तदान अभियान, कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान, नोनी सुरक्षा अभियान, जनसंख्या नियंत्रण अभियान, सामाजिक जागरूकता अभियान जैसे कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में सत्र 2015 से निरंतर किए जा रहे हैं। जिसके तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव-गांव में नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह रोकथाम, स्वच्छता अभियान, साक्षरताअभियान, पर्यावरण सुरक्षा अभियान, सतत रूप से पूरे छत्तीसगढ़ में चलाया जाता है। इस अवसर बड़ी संख्या में समिति के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को जिला कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर में स्थित कांग्रेस भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की दो मिनट का मौत धारण किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन सिंह के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा की प्रतिबद्धता, अथाह ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। वह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। उन्होने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल को उपलब्धियों से भरा कार्यकाल कहा। जिन्होने देश के नागरिकों को अपने कार्यकाल के दौरान खाद्य सुरक्षा कानून, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा जैसी तमाम सौगातें दी। कार्यक्रम को अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी लालजी चन्द्रवंशी, अगमन अनंत, पार्षद संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।

**2 करोड़ 73 लाख 25 हजार 600 रुपए की राशि स्वीकृत कर किया चेक वितरण**

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कवर्धा विस के जरूरतमंदों को दी आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के जरूरतमंद नागरिकों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मात्र 9 महीने में उपमुख्यमंत्री ने जिले के नागरिकों को 2 करोड़ 73 लाख 25 हजार 600 रुपये की राशि स्वीकृत प्रदान कर चेक वितरण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर विधायक कार्यालय कवर्धा में नरेन्द्र मानिकपुरी, निज सहायक जागेश्वर साहू, लाला राम साहू और सोहन शिवोपासक द्वारा 9 वीं किस्त के तहत चेक वितरण किया किया जा रहा है। इन चेकों के माध्यम से लाभार्थियों को दी गई राशि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद नागरिकों को दी गई इस वित्तीय सहायता से न केवल उन्हें आर्थिक राहत मिली है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देगा। यह कदम साबित करता है कि सरकार सिर्फ वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर काम कर नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। विधायक कार्यालय कवर्धा में चेक वितरण के दौरान लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं की सराहना की और कहा कि यह मदद उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। लाभार्थियों ने कहा कि इस राशि से वे अपने बच्चों की शिक्षा, परिवार के इलाज और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होंगे, जिससे उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि विष्णुदेव सरय सरकार हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि जिले के हर नागरिक को उनकी आवश्यकतानुसार सहायता प्राप्त हो। यह राशि उन लोगों की मदद करेगी जिनकी जीवन-यात्रा को आसान बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमारी प्राथमिकता यह है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचे, जिनके पास अन्य संसाधन नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। उनका उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करना है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में जिले के और अधिक नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य उद्देश्य यही है कि हर नागरिक को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। हम हर योजना के तहत पारदर्शिता और समग्रता से काम कर रहे हैं।

# नववर्ष शांतिपूर्ण मनाने के लिए कोतवाली थाना में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कोतवाली थाने में नववर्ष के अवसर पर शांति और समन्वय बनाए रखने के लिए होटल एवं डीजे संचालकों, वार्ड पार्षदों और प्रमुख नागरिकों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नववर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण और कानूनसम्मत तरीके से मनाया जाए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, उपाध्यक्ष जामिल खान, सभापति देवा साहू, वार्ड पार्षद संतोष यादव, नरेंद्र धुर्वे, राजा सिंह, डीएसपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ चौहान, तहसीलदार कवर्धा परमेश्वर मंडावी, थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और जिले के प्रमुख डीजे एवं होटल संचालक उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने सभी से अपील की कि तेज आवाज में संगीत न बजाया जाए, यातायात नियमों का पालन किया जाए और सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के असामाजिक या कानून विरुद्ध आचरण के प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट में तुमडीबोड टीम विजेता

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम गोडरी में गत दिनों क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डोंगरगांव 11 एवं तुमडीबोड 11 के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में तुमडीबोड 11 विजेता रही तथा डोंगरगांव 11 की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों को मुख्य अतिथि श्री गांधी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि जीवन में खेलो का बहुत महत्व है। युवा पढ़ाई के साथ खेल से भी अपना भविष्य बना सकता हैं। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष तुमडीबोड राजू जागेश्वर यादव, पुनेश्वरी यदु, दिनेश साहू, अनिल साहू, चंद्रभान, राजू साहू, प्रवीण, देवा, बन्नू तथा गोडरी बॉयज क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष रेखलाल साहू, विकास साहू, विकास यादव, पवन साहू, मोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### 622 शिक्षक ई और 95 टी संवर्ग से हुए पदोन्नत

**खैरागढ़।** पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति करने के मामले में प्रदेश में दुर्ग पहला शिक्षा संभाग बना। छग शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी अटल नगर नवा रायपुर के आदेश जिसमे छग स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पद्दोन्नति नियम 2019 में निहीत प्रावधान अनुसार निर्धारित न्यूनतम अनुभव पांच साल सेवा पूरा कर चुके शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए निर्देशानुसार संभाग स्तरीय विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति के अनुशंसा पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 लेबल 9 में ई संवर्ग से 622 और टी संवर्ग से 95 शिक्षको को पूमाशा मे प्रपा के पद पर पदोन्नत हुए है। संभाग कार्यालय से काउंसलिंग का आदेश पृथक से जारी किया जाएगा। संघ सदस्य विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव, रूपेश कुमार देवांगन ने सयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ,सहायक संचालक केके शुक्ला, एएनवी स्वामी के प्रति आभार जताते हुए जल्द ही काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध किया है।

### कुल्लु मनाली में शामिल हुए स्काउट-गाइडर

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग द्वारा अमृतसर जिले के कुल्लु मनाली में आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट-गाइडर हाईक में प्रदेश के 104 सक्रिय स्काउटर एवं गाइडर ने विभिन्न सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन एवं अध्ययन किया। जिसमें जिले से स्काउटर एवं गाइडर भारती रजक, तुलसीराम साहू, दाताराम निषाद एवं नीरेंद्र नीलम साहू शामिल थे।

## बैंगलुरू के क्राइस्ट युनिवर्सिटी में 38वें साउथ ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल

# युवा उत्सव में संगीत विवि ओवरऑल चैम्पियन, 24 विधाओं में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बैंगलुरू के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में 38 वें साउथ ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में इंदिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। यूथ फेस्टिवल में पूरी शान से विवि का परचम लहराने के बाद छात्र कलाकारों ने कुलपति सत्यनारायण राठौर से मुलकात की।

कुलपति ने सभी को जीत की बधाई देते हुए इसी तरह देश-विदेश में संगीत विवि की ख्याति बढ़ाने और नाम रोशन करने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित अधिष्ठातागण प्रो डॉ राजन यादव, प्रो डॉ नीता गहरवार, प्रो डॉ नमन दत्त, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ देवमाईत मिंज व सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित विवि परिवार ने सभी को बधाई दी।



### 48 विद्यार्थियों ने 24 विधाओं में दी प्रस्तुति

युवा उत्सव में विवि के कुल 48 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने 24 अलग-अलग विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर के रूप में सहायक प्राध्यापक कपिल वर्मा, अतिथि प्राध्यापक डॉ. विधा सिंह ने दल का नेतृत्व किया। युवा उत्सव में छात्र कलाकारों ने शास्त्रीय व पाश्चात्य गायन, तबला, वायलिन वादन, समूह गान हिन्दुस्तानी, लोक नृत्य फोक आर्केस्ट्रा, वन एक्ट प्ले, माईक, मिमिक्री, स्किट शास्त्रीय नृत्य कत्थक, सुगम संगीत, वाद-विवाद, पोस्ट पेंटिंग, कोलाज, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग, इंस्टालेशन, पोस्टर मेकिंग, स्पॉट फोटोग्राफी, मेहंदी व रंगोली जैसी विधाओं में भाग लिया। इन कलाओं के प्रदर्शन में सुगम संगीत, समूह गान, पाश्चात्य वादन, शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, स्पॉट फोटोग्राफी में विद्यार्थियों ने प्रथम, कोलॉज में द्वितीय और वायलिन वादन, लोकनृत्य व इंस्टालेशन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसके चलते उन्हें ओव्हर आल चैंपियन का पुरस्कार मिला। विवि पहुंचे छात्र कलाकारों ने अधिकारियों व शिक्षकों के बीच अपनी खुशी जाहिर करते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

### छात्र कलाकारों को मिला पुरस्कार

यूथ फेस्टिवल में संगीत विवि के छात्र प्रथा रामटेके ने सुगम संगीत, रागेश्री चौधरी ने तबला, मानस मयंक ने वायलिन, मानस कमल चौधरी ने वेस्टर्न इंस्ट्रमेशन सोलो, डेविड किस्पोट्टा व ऋषभ प्रकाश ने शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी, प्रथा रामटेके व नकन खंडेलवाल ने स्पॉट पेंटिंग, गुलशन साहू ने कोलॉज, पोस्टर मेकिंग, प्रियांशु निरंजन ने कार्टूनिंग, राहुल रूने ने क्ले मॉडलिंग, गुलशन साहू ने रंगोली, रितेश डड़सेना ने स्पॉट फोटोग्राफी, कनक खंडेलवाल, राहुल रूंजे, गिरीश दास, प्रियांशु निरंजन ने इंस्टालेशन, कृति मिश्रा ने मेहंदी, वन एक्ट क्ले-स्किट माइम, सोमनाथ ने मिमिक्री, हिमांशु कुमार व अमिशा घोष ने वाद-विवाद, मानस मयंक, अमिशा घोष व रागेश्री दास चौधरी ने क्विज, अयान रजा ने इलोकेशन, हिमांश्री शर्मा ने कत्थक नृत्य में प्रस्तुति देकर स्थान हासिल किया। विभिन्न प्रस्तुतियों के दौरान संगतकार के रूप में किशन प्रकाश, प्रिया कुमारी, मोनिका निराला, मानस कमल चैधरी, दीपक दास महंत, सुगम शिवाले, सोमनाथ, डॉली अहिरवार, हिमांशु कुमार, प्रियांशु तिवारी, रोहन जंघेल, विकास गायकवाड़, अनुराग प्रकाश पंडा, हर्षगिरी भट्ट, अयाज रजा, भैरवी साहू, अमन मालेकर, खिलेश, रामचंद्र सर्पे, गौतम दास, करन कुमार रहे।

# किसानों को सताने, युवाओं को रुलाने में लगी है साय सरकार



- जिला पंचायत सभापति विप्लव ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार को जिपं सभापति विप्लव साहू ने एक साल के कार्यकाल में हर मोर्चे पर बुरी तरह असफल और इसे छुपाने तमाम हथकंडे अपनाने पर विवश बताया है। कमजोर नेतृत्व और अपनी अपनी ढपली, अपना अपना राग के कारण शासन-प्रशासन में गतिशीलता का अभाव, नजर आ रहा है।

लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है वही युवाओं को अशिक्षित रखने और शराब का आदी बनाने के लिए गांव गांव में शराब दुकान खुलवाने के लिए साय सरकार पर तमाम जतन करने का आरोप लगाते हुए जिपं सभापति श्री साहू ने कहा कि एक साल सुशासन का दावा हर मोर्च पर फेलवर साबित हो रहा है। चुनाव के दौरान समर्थन मूल्य 31 सौ करने और पंचायत के मार्फत एकमुश्त राशि देने का वादा कर सत्ता मे काबिज भाजपा सरकार से प्रदेश के अन्नदाता किसान ठगा महसूस कर रहे हैं। खरीदी बंद हो जाए इसके लिए उपार्जन केंद्रो से जानबूझकर धान का परिवहन नही कराया जा रहा।

### खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

जिपं सभापति के साथ उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के लिए पहुंचे गौतमचंद जैन, हर्षदीप सिंह कोडापे, देवा वर्मा, जित्तू यादव, नंदू सिन्हा सहित अन्य ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि मिलर्स को निर्देश दिया गया है कि जो धान खरीदी केंद्र नजदीक है वहीं से धान का उठाव किया जाए यह आदेश दूरस्थ अवस्थित धान केंद्रों और किसानों के साथ अन्याय है जबकि केंद्रों के प्रबंधकों द्वारा कहा जा रहा है कि यही स्थिति रही तो चार दिनों में धान खरीदी फिर से बंद करना पड़ सकता है।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के उत्पीड़न कमेटी द्वारा मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस लेक्चर में मुख्य प्रवक्ता राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छग शासन के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार, जिसे अक्सर भावनात्मक दुर्व्यवहार या मानसिक दुर्व्यवहार या मनोवैज्ञानिक हिंसा या गैर-शारीरिक दुर्व्यवहार के रूप में जाना जाता है, दुर्व्यवहार का एक रूप है। जिसमें एक व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे व्यवहार के अधीन करता है या उजागर करता है। जिसके परिणामस्वरूप मनोवैज्ञानिक आघात हो सकता है। जिसमें चिंता, क्रोनिक अवसाद, नैदानिक अवसाद या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बीच अभिघातजन्य तनाव विकार शामिल है। यह अक्सर अपमानजनक रिश्तों में शक्ति असंतुलन की स्थितियों से जुड़ा होता है और इसमें बदमाशी , गैस लाइटिंग, कार्यस्थल में दुर्व्यवहार, अन्य व्यवहारों के अलावा शामिल हो सकते हैं, जो किसी व्यक्ति को असुरक्षित महसूस करा सकते हैं। यह उन व्यक्तियों द्वारा भी अंजाम दिया जा सकता है, जो यातना , अन्य हिंसा, तीव्र या लंबे समय तक मानवाधिकारों का हनन करते हैं। उन्होंने इस समस्या के निवारण के लिए बताया कि विशेष रूप से बिना कानूनी उपाय जैसे बिना मुकदमे हिरासत में लेना, झूठे आरोप, झूठी सजा और अत्यधिक मानहानि जैसे राज्य और मीडिया द्वारा अंजाम दिया जाता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न एक प्रकार का कष्टदायक व्यवहार है। जिसमें बार-बार शत्रुतापूर्ण और अवांछित शब्द, व्यवहार या कार्य शामिल होते हैं, जो दर्दनाक, चोंट पहुंचाने वाले, परेशान करने वाले, अपमानजनक होते हैं, ऐसी स्थितियों में पीड़ित की गरिमा और मनोवैज्ञानिक या शारीरिक स्वास्थ्य को खतरा होता है और काम या पढ़ाई का माहौल विषाक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय ज्ञान का मंदिर है तो इस प्रकार के व्यवहार को खुद के जीवन में कभी प्रभावित नहीं होने देना और अपने आसपास के वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखना। साथ ही इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी इस अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# कवियों ने बिखेरा काव्य के कई रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई में साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिलासपुर के जाने-माने कवि और लोक गायक केदार दुबे और जगदीप कुलदीप को सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत गंडई के प्राचीन शिव मंदिर दर्शन से हुई। साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव के निवास पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में स्थानीय और आमंत्रित कवियों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवियों ने अपनी कविता से गरीबों की पीड़ा, जीवन के उतार-चढ़ाव, समाज की व्यंग्यात्मक तस्वीर, प्राकृतिक सुंदरता, आधुनिक जीवन की चुनौतियां को रेखांकित किया। युवा कवि मुकेश साहू ने गरीबों की पीड़ा को बयां किया। वहीं कवयित्री श्रद्धा यादव ने जीवन की यात्रा को नदी के बहाव से जोड़ा। बोधनसिंह चंदेल ने छत्तीसगढ़ी गीतों से वातावरण को संगीतमय बनाया। लोक गायक द्वारिका यादव और जगदीप कुलदीप ने अपने गीतों से श्रोताओं को भावविभोर किया। लच्छू यादव और डॉ. कमलेश शर्मा ने हास्य कविताओं से समाज के कुछ पहलुओं पर तीखी टिप्पणी की। अंत में केदार दुबे ने कविताओं के माध्यम से नए साल का स्वागत किया।

# देवांगन बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 के बहुप्रतीक्षित राजनांदगांव जिला का पुनर्गठन 28 दिसंबर को संपन्न हुआ। प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह ने प्रांतीय अध्यक्ष की अनुमति से जिले का पुनर्गठन प्रस्ताव निर्धारित तिथि की बैठक में रखा। जिसमें इंजीनियर जीआर देवांगन का नाम जिला अध्यक्ष के लिए सदन से प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनर्स साथियों ने हर्ष ध्वनि से प्रस्ताव पारित किया। इसी तरह सभी तहसील अध्यक्षों का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गठन किया गया। जिसमें राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव शहर के लिए बीटी वाल्दे, राजनांदगांव ग्रामीण जीएल सोनबोईर, कुमरदा पीआर चंद्रवंशी, छुरिया केआर साहू, डोंगरगांव महेश कुमार अत्री एवं डोंगरगढ़ के लिए अश्वनी नायक तहसील अध्यक्ष बनाए गए।

# जिला भाजपा कार्यालय में विक्रांत ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बड़ी संख्या में भाजपाई थे उपस्थित

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों के साथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया। कार्यक्रम समाप्ति बाद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि आज के इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलंपिक की जिस प्रकार सराहना की वह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह आलोंपिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा के नेतृत्व का ही परिणाम है कि जो बसतर पहले माओवाद प्रभावित क्षेत्र के रुप में जाना जाता था आज वह बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों और अपने तेज विकास के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तन पर भी चर्चा की। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, रामाधार रजक, कृष्णा वर्मा, गोरेलाल वर्मा, बिशेषर साहू, कीर्ति वर्मा, शशांक ताम्रकार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## इंदौर में अभा वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ की बैठक

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लाल जेके वैष्णव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




इंदौर में अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुम्बई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके वैष्णव को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ भगवान लक्ष्मीनारायण की पूजा अर्चना से हुआ।

पूर्व राज्यमंत्री पं योगेन्द्र महंत के संयोजन मे आयोजित अधिवेशन कार्यक्रम संचालन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता भुवनेश वैष्णव बैरागी समाज के विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों का स्वागत किया। प्रदेश वैष्णव समाज संगठन में एकजुटता और सक्रियता लाने छुईखदान राजपरिवार के सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव का प्रतीक चिन्ह, भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पं योगेन्द्र महंत ने सम्मानित किया।

बैठक में छत्तीसगढ़ से राघवेन्द्र दास वैष्णव को युवा वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव ओ पी बैरागी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुलाल बैरागी भोपाल, सुनील वैष्णव, गोपाल वैष्णव पूर्व मीडिया प्रभारी, प्रशांत महंत, धीरज वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, कृष्णा बैरागी दशरथ शर्मा, मनोहर बैरागी ,कमल बैरागी, बंटी बैरागी देपालपुर , गुड्डा ,योगेश, अनिल देवमुरार, गिरधर वैष्णव, नरेश वैद्य, महेशचंद्र शर्मा, चान्दनी बैरागी महासचिव, नीलिमा बैरागी, लतारानी वैष्णव, निशा शर्मा, श्रेया वैष्णव, अंजना अग्रावत, विद्या वैष्णव , सुनील रामावत, रामेश्वर वैष्णव, बद्रीप्रसाद अग्रावत, गजानन्द रामावत, भुवनेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वैष्णव जन शामिल रहे।

### वैष्णव प्रभा पुस्तक का विमोचन

कार्यकारिणी बैठक में श्री वैष्णव बैरागी समाज संघ और व्यापक वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज इन्दौर द्वारा तैयार कैलेंडर व वैष्णव प्रभा पुस्तक का विमोचन कर सदस्यों को भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन ओपी बैरागी ने किया।

